# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.04.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1 **प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता को बताया सबसे बड़ी ताकत। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कहा – हमारे संस्कार में ''वसुधैव कुटुंबकम'' की भावना है।**

2 **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर अवैध नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप, कहा – भाजपा प्रदेश की सुरक्षा को लेकर गंभीर।**

3 **रामगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 30 पेटी अवैध शराब की जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार।**

4 **खूंटी में गोली चलने से छठी कक्षा का छात्र घायल, पुलिस मामले की जांच में जुटी।**

5 **महिला क्रिकेट त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में आज भारत ने श्रीलंका को नौ विकेट से हरा दिया।**

**समाचार विस्तार से**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में देश की एकता सबसे बड़ी ताकत है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है

********************

पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने राहत और बचाव कार्यों के लिए तत्काल ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया था। उन्होंने बताया कि वायु सेना के विमानों और नौसेना के पोतों के जरिए पड़ोसी देश को हर प्रकार की सहायता भेजी गई।

********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिनके मंत्री संविधान से ऊपर शरीयत की बात करते हैं, उनसे अवैध बांग्लादेशी और पाकिस्तानियों पर कार्रवाई की उम्मीद नहीं की जा सकती। बोकारो में भाजपा जिला कार्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में उन्होंने झारखंड में आतंकियों और उनके समर्थकों की सक्रियता पर चिंता जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा प्रदेश को किसी भी हालत में खतरे में नहीं डालने देगी।

********************

भाजपा के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने झारखंड सरकार पर आतंकी गतिविधियों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड अब आतंकी और स्लीपर सेल का पनाहगार बन गया है। श्री बाउरी ने बोकारो से पकड़े गए मोहम्मद नौशाद और धनबाद–कोडरमा से गिरफ्तार छह आतंकियों का जिक्र करते हुए राज्य सरकार की सुस्ती पर सवाल उठाए। उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति कर प्रदेश और देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

********************

केंद्र सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर जारी वह व्हाट्सअप संदेश भ्रामक है, जिसमें कहा गया है कि सरकार ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए एक बैंक खाता खोला है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इस संदेश को गलत बताया है। पीआईबी ने कहा है कि सरकार ने युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों या उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाइयों में घायल होने वाले सैनिकों को तत्काल वित्तीय सहायता देने के लिए एक कोष की स्थापना की है। इसका इस्तेमाल सेना के आधुनिकीकरण या हथियार खरीदने के लिए नहीं किया जाएगा।

********************

कोडरमा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त की राशि लेने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं शुरू करने वाले लाभूकों को 10 दिनों के अंदर निर्माण कार्य शुरू करने की हिदायत दी गई है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

********************

रामगढ़ पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 30 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त की। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन को पकड़ा और उसके चालक को गिरफ्तार किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई में तीन लोग गिरफ्तार किए गए हैं, जो बिहार के निवासी हैं।

********************

खूंटी के महादेव टोली बड़ाईक मोहल्ला में आज सुबह गोली चलने की घटना में छठी कक्षा का छात्र कुणाल नायक घायल हो गया। खूंटी सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। खूंटी एसडीपीओ वरुण कुमार रजक ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

********************

**संक्षिप्त खबरें–**

- रांची के अल्बर्ट चौक में हिंदू संगठनों ने पहलगाम आतंकी घटना का विरोध करते हुए पाकिस्तान और आतंकवादियों का पुतला दहन किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री से इस घटना का बदला लेने की मांग की है।
- दुमका के उपायुक्त ए दोड्डे ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 725 सीटों पर छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विद्यालयों की नामांकन समितियों ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए 706 सीटों पर नामांकन स्वीकृत किया है और बाकी सीटों पर नामांकन लेने का निर्देश दिया है।

********************

मौसम विभाग ने कल से 30 अप्रैल के बीच कई जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के साथ आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया ळें मौसम विभाग ने सभी से एहतियात बरतने की अपील की है।

********************

भारत और श्रीलंका के बीच महिला क्रिकेट त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में आज भारत ने श्रीलंका को नौ विकेट से हरा दिया। वर्षा से बाधित मैच को 39 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम को पांच गेंद शेष रहते एक सौ 47 रन पर समेट दिया। भारत की ओर से स्नेह रानी ने तीन विकेट लिए जबकि पहला मैच खेल रही श्री चरणी और दीप्ती शर्मा ने दो–दो विकेट लिये। जवाब में भारतीय टीम ने 29 ओवर और 4 गेंदों में केवल एक विकेट खोकर एक सौ 49 रन बनाकर मैच जीत लिया।

***************